दिन–शनिवार   दिनांक– 20 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।   अवधि – 05 मिनट

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि टेक्सटाइल सेक्टर में तकनीक को बढ़ावा देकर इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि के प्रयास किये गए हैं। दिल्ली में विभिन्न शोध संस्थानों की समन्वय समिति की बैठक में श्री सिंह ने इस क्षेत्र में नये प्रयोगों को प्रोत्साहन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनके मार्गदर्शन में कपड़ा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को महत्व देकर हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

————————————————————————

केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा है कि पुर्नगणना कराने के उनके बयान को गलत अर्थों में पेश किया गया है। श्री मांझी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने दो हजार बीस के चुनाव में टिकारी विधासभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार अनील कुमार को पुर्नगणना कराने की मांग करने को कहा था। इस बयान को विरोधी दलों ने गलत तरह से प्रस्तुत किया है। इधर, राजद विधायक गौतम कृष्ण ने कहा कि चुनाव आयोग को जल्द टीम गठित कर श्री मांझी के बयान के आधार पर विधानसभा चुनाव की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए।

————————————————————————

महाराष्ट्र के नागपुर में एक औद्योगिक इकाई में पानी की टंकी फटने से बिहार निवासी छह मजदूरों की मौत हो गई। जबकि नौ अन्य घायल हो गए। यह घटना एम.आई.डी.सी. बुटीबोरी इलाके में स्थित एक सोलर पैनल बनाने वाली फैक्ट्री आवाडा इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड में हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस घटना पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। इधर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी घटना में मारे गए मजदूरों के परिजनों को पांच–पांच लाख रुपये की की सहायता राशि देने की घोषणा की है। कंपनी ने भी पीड़ित परिवारों को तीस–तीस लाख रुपये देने पर सहमति जताई है।

————————————————————————

आज सशस्त्र सीमा बल, एसएसबी अपना बासठवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि एसएसबी का अटूट समर्पण सेवा की सर्वोच्च परपंरा को दिखाता है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडियापर पोस्ट में बल के जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने से लेकर संकट के समय नागरिकों के साथ खड़े रहने तक, सशस्त्र सीमा बल ने हमेशा देश को गौरवान्वित किया है। इधर, एसएसबी पटना सीमांत मुख्यालय की ओर से इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

राज्य के सभी पुलिस लाईन में आवासीय विद्यालय खोले जायेंगे। उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों की स्थापना नवोदय विद्यालय की तर्ज पर होगी। इन विद्यालयों में पुलिस लाईन में रहने वाले कर्मियों के साथ ही थानों में तैनात पुलिस कर्मियों के बच्चे पढ़ेंगे। श्री चौधरी ने बताया कि होमगार्ड जवानों को भी बिहार पुलिस की तरह बीमा योजना का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है।

पूरा प्रदेश घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान में चार से दस डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गयी है। इसके कारण कनकनी बढ़ गई है। इधर, राज्य के पश्चिम, मध्य और उत्तर–पूर्वी भागों में आज सुबह कई जगहों पर घना से अति घना कोहरा छाया रहा। जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार से पांच दिनों तक पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीवान, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और सारण समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों के अधिकतर हिस्सों में घना कोहरा छाये रहने की सम्भावना है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

अररिया जिले के जोगबनी, फुलकाहा, सोनमनी और रानीगंज चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने वाहन जांच अभियान के दौरान शराब के साथ सत्रह कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के हरियाबाड़ा में एक वाहन से पांच सौ चार लीटर विदेश शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————————

वहीं, शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़िया गांव से पुलिस ने कुख्यात अपराधी मुन्ना कुमार उर्फ संतोष कुमार को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गये अपराधी पर नवादा, शेखपुरा समेत विभिन्न जिलों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नरहा गांव में शराब कारोबारियों के ठिकाने पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर असाजिकतत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। उग्र भीड़ पर नियंत्रण के लिए पुलिस को हवाई फॉयरिंग भी करनी पड़ी।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।